नानाजी देशमुख की जयंती

स्रोत: पीआईबी

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने **भारत रत्न नानाजी देशमुख को** उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

परिचय:

- नानाजी देशमुख का जन्म 11 अक्तूबर, 1916 को महाराष्ट्र के हिंगोली ज़िले **में हुआ था।**
- वह एक **समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे** , जिनका ध्यान शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर था।

विचारधारा:

- **वह** लोकमान्य तिलक की राष्ट्रवादी विचारधारा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के संस्थापक प्रमुख डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार से प्रेरित थे ।

प्रमुख कार्य:

- स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए **सामाजिक सुधार में** सक्रिय रूप से योगदान दिया।
- भारत के **पहले ग्रामीण विश्वविद्यालय, चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की स्थापना की** और इसके कुलाधिपति के रूप में कार्य किया।
- गरीबी उन्मूलन पहल और न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रमों में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।
- जनता पार्टी **को गठन में** उनका महत्त्वपूर्ण योगदान था ।
- वर्ष 1977 के लोकसभा चुनाव **में बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) से संसद सदस्य** चुने गए।
- उनकी राष्ट्रीय सेवा के सम्मान में वर्ष **1999 में उन्हें राज्यसभा के लिये मनोनीत किया गया ।**

मृत्यु एवं पुरस्कार:

- **27 फरवरी 2010** को उनका निधन हो गया । उन्हें वर्ष **1999 में** पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया और वर्ष **2019 में मरणोपरांत** भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

और पढ़ें: नानाजी देशमुख की जयंती

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/birth-anniversary-of-nanaji-deshmukh